हेपेटाईटिस शिविर में 102 लोगों की जांच

जागरण, इटारसी। विश्व हेपेटाईटिस दिवस के मौके पर शासकीय अस्पताल के ओएसटी सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 102 हितग्राहियों की जांच की गई, जिसमें दो हेपेटाईटिस बी और दो हेपेटाईटिस सी के मरीज सामने आए हैं।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के ओ एस टी केंद्र में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया, जिसमें डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल से अधीक्षक राकेश चौधरी, जिला अस्पताल से एपिडिमियोलॉजिस्ट राजेश चौहान, रत्ना टिप्पण एवं ओ एस टी केंद्र से डॉक्टर श्रीमती शारदा विश्वास, डाटा मैनेजर श्रीमती देविका पाठक, परामर्शदाता श्रीमती प्रियंका दुबे, प्रयोगशाला तकनीशियन ऋषि कुमार मेहरा, टी आई परियोजना से प्रोग्राम मैनेजर मोहित भल्लावी लेखापाल सम्राट कापसे और परामर्शदाता बसंत सोनी व प्रज्ञा टी आई परियोजना का स्टाफ उपस्थित रहा। **Dt. 28/July/2024**

जिसमें डॉक्टर श्रीमती शारदा विश्वास द्वारा शिविर में आए हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व परामर्शदाता प्रियंका दुबे द्वारा हेपेटाइटिस बी एवं सी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। इसके पश्चात प्रयोगशाला तकनीशियन ऋषि मेहरा द्वारा 102 हितग्राहियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई जिसमें 2 हितग्राही हेपेटाइटिस बी एवं 2 हितग्राही हेपेटाइटिस सी पॉजिटिव पाए गए, जिनका वायरल लोड टेस्ट किए जाने के लिए रक्त नमूना तुरंत ही जिला अस्पताल भेजा गया। इसके पश्चात टी आई परियोजना से प्रोग्राम मैनेजर मोहित भल्लावी द्वारा वर्ल्ड हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में समस्त अतिथि व हितग्राहियों को इस महामारी से बचाव व रोकथाम के संदेश दिए गए और सभी को शपथ दिलाई गई।